mppsctarget.com
Be Calm, Work Hard

## मध्य प्रदेश राज्य सेवा सामान्य अध्ययन (प्रारंभिक परीक्षा)

## प्रश्न पत्र 2012

1. **एन. डी. आर. आई., करनाल (हरियाणा) के वैज्ञानिकों ने निम्नलिखित में से किस जानवर का दूसरा क्लोन विकसित व्याख्या किया ?**

(A) भेड़ **(B) भैंस**

(C) गाय (D) बकरा

**व्याख्या-**भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तहत् " राष्टीय डेरी अनुसंधान संस्थान ( NDRI) करनाल (हरियाणा) के वैज्ञानिकों ने नई और अ द्यतन गाईडिड क्लोनिंग तकनीक से भैस का दूसरा क्लोन 22 अगस्त 2010 को विकसित किया। क्लोन का नाम गरिमा -II है जबकि गरिमा -I क्लोन को 6 जून 2009 को विकसित किया गया था। गरिमा -II भारत का दूसरा तथा विश्व का तीसरा भैस क्लोन है।

2. **निम्नलिखित में से कौनसा साँप जहरीला नहीं हैं ?**

(A) कोबरा (B) वाइपर

(C) कोरल-स्नेक **(D) अजगर**

**व्याख्या-**अजगर एक विषहीन सृप है। यह जहरीला नहीं होता है। अजगर अपने शिकार को निगल जाता है। जबकि अन्य साँप जहरीले होते हैं। उनके मुख में एक विशेष ग्रंथि होती है जिसके द्वारा जहर का स्वावण होता है। विश्व का सबसे जहरीला सृप हाइड्रोफिश है यह एक समुद्री साँप है।

3. **भारतीय टाइगरों को बचाने के लिये 'प्रोजेक्ट टाइगर ' किस वर्ष प्रारम्भ किया था ?**

(A) 1971 **(B) 1973**

(C) 1977 (D) 1991

**व्याख्या-**1 अप्रैल 1973 को 'प्रोजेक्ट टाइगर" के नाम से वन्यजीव संरक्षण परियोजना का प्रारंभ किया गया। टाइगर प्रोजेक्ट का शुभारंभ जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान (उत्तराखण्ड) से किया गया भारत में टाइगर प्रोजेक्ट के जन्मदाता कैलाश सांकला है एवं विश्व में टाइगर प्रोजेक्ट के जन्मदाता गेनी मैनफोर्ड हैं।

4. **'एनीमोमीटर' से निम्नलिखित में से किसका मापन किया जाता है ?**

(A) पानी के बहाव की गति (B) पानी की गहराई

**(C) पवन वेग** (D) प्रकाश की तीव्रता

**व्याख्या-**एनीमोमीटर पवन वेगमापी यंत्र है। इस यंत्र से वायु का वेग अर्थात् हवा की शक्ति तथा गति को मापा जाता है। एनीमोमीटर का अविष्कार सन् 1846 में John Thomas Romney Robinson ने किया था।

5. **डेंगू एक बुखार है , जो उत्पन्न होता है तथा दूसरे मनुष्य में पहुँचता है :**

**(A) वायरस और मादा एडीज मच्छर द्वारा**

(B) बैक्टीरिया और मादा क्यूलक्स मच्छर द्वारा

(C) फंगस और मादा एडीज मच्छर द्वारा

(D) प्रोटॉजोअन और मादा ऐनाफिलीज मच्छर द्वारा

**व्याख्या-**डेंगू वायरस के द्वारा उत्पन्न होता है एवं इस रोग का फैलाव | मादा एडीज मच्छर द्वारा होता है। मादा एडीज मच्छर के काटने से यह रोग एक-दूसरे मनुष्य में पहुंचता है।

6. **कार्बन मोनो-आक्साइड विषाक्तता निम्नलिखित में से किसको मुख्यत: प्रभावित करती हैं ?**

(A) पाचन क्रिया को

(B) लिवर की कार्यशीलता को

**(C) किडनी की कार्यशीलता को**

(D) रक्त की आक्सीजन को वहन करने की क्षमता को

**व्याख्या-**प्रमुख वायु प्रदूषक एवं उनसे प्रभावित अंग

| **वायु प्रदूषक** | **प्रभावित अंग** |
|---|---|
| (1) कार्बन मोनो-आक्साइड | रक्त की आक्सीजन को वहन करने की क्षमता को कम करता है |

(2) पारा (मर्करी) फेफड़ा
(3) सीसा (लैंड) उदर
(4) एस्बेस्टॉस धूल मस्तिष्क

**7. 'स्थितिविज्ञान' निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?**

(A) गतिमान स्थिति (B) विश्राम की स्थिति
(C) मानसिक स्थिति (D) आंकड़ों का अध्ययन

**व्याख्या-**स्थिति विज्ञान विश्राम की गति से सम्बन्धित है। सांख्यिकी आंकड़ों के अध्ययन से सम्बन्धित है। गतिमान स्थिति के तहत् गति का अध्ययन किया जाता है।

**8. 'इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन द्वारा सन् 2006 में दी गई एक नई परिभाषा के अनुसार निम्नलिखित में से कौनसा 'ग्रह' नहीं हैं ?**

(A) यूरेनस (B) नेप्च्यून
(C) प्लूटो (D) जुपिटर

**व्याख्या-**इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन ( IAU) द्वारा अगस्त 2006 में प्राग में आयोजित सम्मेलन में दी गयी ग्रहों की नयी परिभाषा के अनुसार प्लूटों ग्रह कहलाने के मापदण्ड पर खरे नहीं उतरने के कारण इसे ग्रह की श्रेणी से अलग बौने ग्रह की श्रेणी में रखा गया है। प्लूटों की खोज 1930 ई. में क्लाड टामवो ने की थी।

**9. 'विश्व एड्स दिवस निम्नलिखित में से किस तारीख को मनाया जाता हैं ?**

(A) 12 जनवरी (B) 1 अप्रेल
(C) 1 मई (D) 1 दिसंबर

**व्याख्या-**विश्व एड्स दिवस प्रत्येक वर्ष 1 दिसम्बर को मनाया जाता है।। विश्व एड्स दिवस एच. आई. वी. संक्रमण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने तथा इस संक्रमण के प्रसार को कम करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दिवस की शुरूआत 25 वर्ष पहले 1 दिसम्बर 1988 को की गयी।

**10. निम्नलिखित में से कौन विद्युत उत्पादन के क्षेत्र से सम्बन्धित है ?**

(A) M. M. T. C. (B) M. T. N. L.
(C) N. C. L. (D) N. H. P. C.

**व्याख्या-**National Hydroelectric Power Corporation (N. H. P. C.) भारत की एक विद्युत उत्पादन कम्पनी है। इसकी स्थापना वर्ष 1975 में की गयी। वर्तमान में NHPC भारत की मिनी रत्न कम्पनी की श्रेणी में शामिल है।

**11. अजन्ता की गुफायें निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित हैं ?**

(A) रामायण (B) महाभारत
(C) जातक कथायें (D) पंचतंत्र कहानियाँ

**व्याख्या-**अजन्ता की गुफाएँ औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में स्थित है। इन गुफाओं का निर्माण गुप्त शासकों द्वारा 200 ई. पूर्व से 700 के मध्य करवाया था। अजन्ता में निर्मित कुल 29 गुफाओं में वर्तमान में केवल 6 ही शेष है और इन गुफाओं का सम्बन्ध जातक कथाओं तथा महाभारत से सम्बन्धित है।

**12. सिंधु घाटी सभ्यता में संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

**(1) उस काल में भारत में वस्त्र बनाने में कपास का प्रयोग होता था**

**(2) यह सभ्यता मुख्यतः लौकिक सभ्यता थी तथा उसमें धार्मिक तत्व, यद्यपि उपस्थित था, वर्चस्वशाली नहीं था**

**उपर्युक्त में से कौन-सा / कौन-से कथन सही है / हैं ?**

(A) केवल (1) (B) केवल (2)
(C) (1) और (2) दोनों

(D) न तो (1) और न ही (2)

**व्याख्या-**सिंधु घाटी सभ्यता एक अति प्राचीन नगरीय सभ्यता है। जिसकी खोज का श्रेय डॉ. दयाराम साहनी को जाता है। 1921 ई. में दयाराम साहनी ने जॉन मार्शल के निर्देशन में हड़प्पा स्थल की खुदाई कराई जिसमें एक वृहद् नगरीय डांचे का अवशेष प्राप्त हआ। रेडियो कार्बन 14 नवीन विश्लेषण पद्धति द्वारा सिंधु सभ्यता की सर्वमान्य तिथि 2350 ई. पू. से 1750 ई. पूर्व मानी गयी है। इस काल में वस्त्र बनाने के लिए कपास का प्रयोग होता है। इसका अनुमान कपास के साक्ष्य मिलने से लगाया जाता है। सिंधु घाटी सभ्यता के लोग मातृशक्ति पर विश्वास करते थे एवं धार्मिक रूढ़ियों एवं कर्मकाण्डों को महत्व दिया जाता था।

**13. 'त्रिपिटक' निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?**

(A) जैनियों से
**(B) बौखों से**
(C) सिक्खों से
(D) हिन्दुओं से '

**व्याख्या-**बौद्ध साहित्य को त्रिपिटक कहां जाता है , त्रिपिटक है (1) सूत्तपिटक (2) विनय पिटक (3) अधिधम्य पिटक-

| | |
|---|---|
| -सूतपिटक | इसमें महात्मा बुद्ध के उपदेश तथा धार्मिक विचारों का संग्रह है। |
| -विनय पिटक | इसमें बौद्ध संघ के नियमों की व्याख्या को गई है। |
| -अभिधाम पिटक | इसमें बौर मतों को दाशनिक व्याख्या की गई है। |

बौद्ध ग्रन्थों की रचना पालि भाषा में की गई हैं।

**14. कल्हण द्वारा रचित 'राजतरंगिनी' निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित हैं ?**

(A) चन्द्रगुप्त के शासन से
(B) गीतों के संकलन से
**(C) कश्मीर के इतिहास से**
(D) कृष्णदेव राय के शासन से

**व्याख्या-**कल्हण हर्ष के आश्रित कवि थे। संस्कृत साहित्य में ऐतिहासिक घटनाओं को क्रम बद्ध लिखने का सर्वप्रथम प्रयास कल्हण के द्वारा किया गया। कल्हण द्वारा रचित ' राजतरंगिणी ' का सम्बन्ध कश्मीर के इतिहास से है।

**15. निम्नलिखित में से कौन प्रसिद्ध आई. एन. ए. मुकदमे के वकील थे ?**

(A) सुभाष चन्द्र बोस
(B) सी. राजगोपालाचारी
**(C) आसफ अली**
(D) भुलाभाई देसाई

**व्याख्या-**आजाद हिन्द फौज के गिरफ्तार अधिकारी पी , के, सहगल, कर्वल गुरुदयाल दिल्लन, एवं मेजर शाहनवाज खां पर राजद्रोह का आरोप लगाकर दिल्ली के लाल किले पर नवम्बर 1945 ई. में मुकदमा चलाया गया। इस मुकदमे में अभियुक्तों की तरफ से तेजबहादुर सा , जवाहरलाल नेहरू, भोला भाई देसाई, आसफअली एवं के. एन, काटजू ने पैरवी की थी।

**16. निम्नलिखित में से किसने तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लिया था ?**

(A) वल्लभभाई पटेल
(B) मदन मोहन मालवीय
**(C) बी. आर. अम्बेडकर**
(D) उपर्युक्त में से किसी से नहीं

**व्याख्या-**तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लेने वाले नेता थे डॉ. भीमराव अम्बेडकर। एकमात्र द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में गांधी जी ने कांग्रेस प्रतिनिधि के रूप में सम्मेलन में भाग लिया।

**17. निम्नलिखित में से किसने क्रान्तिकारियों के संगठन ' अभिनव भारत ' को संगठित किया था ?**

(A) जतीन्द्रनाथ मुखर्जी
(B) मदनलाल धींगरा
**(C) विनायक दामोदर सावरकर**

(D) लाला हरदयाल

**व्याख्या-**महाराष्ट्र में विनायक दमोदर सावरकर ने 1904 ई. में "अभिनव भारत" नामक संस्था स्थापित की। अभिनव भारत संगठन के सदस्य पी. एन. बापट को बम बनाने की कला सीखने के लिए पेरिस गए थे। अभिनव भारत एक क्रान्तिकारी संगठन था।

**18. संयुक्त राष्ट्रसंघ में हिन्दी में भाषण देने वाले निम्न में से पहले व्यक्ति कौन रहे हैं ?**

(A) स्वामी विवेकानंद

(B) लाल बहादुर शास्त्री

**(C) अटल विहारी वाजपेयी**

(D) उपर्युक्त में से कोई नही

**व्याख्या-**अटल बिहारी बाजपेयी संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी में भाषण देने वाले प्रथम व्यक्ति है। वाजपेयी जी ने भारत की ओर से विदेश मंत्री के रूप में UNO में भाषण दिया। स्वामी विवेकानंद ने 1893 में अमेरिका के शिकागो नगर में सर्व धर्म सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने अपने वक्तव्य का संबोधन अमेरिका के भाईयों और बहनों के साथ शुरू किया। लालबहादुर शास्त्री 9-6-1964-10-01-1966 तक भारत के प्रधान मंत्री रहे।

**19. अमीर खुसरों निम्नलिखित में से किसके शासनकाल से सम्बन्धित थे ?**

**(A) अलाउद्दीन खिलजी** (B) मुहम्मद बिन तुगलक

(C) इब्राहिम लोदी (D) फिरोज शाह

**व्याख्या-**अमीर खुसरो का मूल नाम मोहम्मद हसन था। इन्हें तुतिए हिन्द के नाम से भी जाना जाता है। अमीर खुसरो बलबन, अलाउद्दीन खिलजी तथा मोहम्मद बिन तुगलक के दरबार में रहे सितार एवं तबले के अविष्कार का श्रेय अमीर खुसरों को जाता है।

**20. मोहनजोदड़ो निम्नलिखित मे से कहाँ पर स्थित हैं ?**

(A) भारत के गुजरात राज्य में

(B) भारत के पंजाब राज्य में

**(C) पाकिस्तान के सिन्ध प्रांत में**

(D) अफगानिस्तान में

**व्याख्या-**सिंधु सभ्यता का प्रमुख स्थल मोहनजोदड़ों पाकिस्तान के सिंध प्रांत का लरकाना जिले में स्थित है। मोहन जोदड़ों की खोज राखालदास बनर्जी ने सिंधु नदी के किनारे (पाकिस्तान में) 1922 में थी।

**21. नागार्जुन सागर बाँध भारत के किस राज्य में स्थित है ?**

(A) तमिलनाडु (B) आन्ध्र प्रदेश.

(C) कर्नाटक (D) उड़ीसा (ओडिशा)

**व्याख्या-**नागार्जुन सागर बाँध भारत के आन्ध्रप्रदेश राज्य में कृष्णा नदी पर स्थित है। परियोजना नदी लाभान्वित राज्य भाखडा नागल सतलज नदी पंजाब, हरियाणा, परियोजना राजस्थान, हिमाचल प्रदेश हीराकुंड बांध महानदी उड़ीसा (ओडिशा) कुण्डा परियोजना कुण्डी नदी तमिलनाडु भद्रा परियोजना भद्रा नदी कर्नाटक

**22. हिमालय पर्वत श्रेणियाँ निम्नलिखित में से किस राज्य का हिस्सा नहीं हैं ?**

(A) उत्तराखण्ड **(B) उत्तर प्रदेश**

(C) सिक्किम (D) हिमाचल प्रदेश

**व्याख्या-**हिमाचल पर्वत श्रेणियाँ भारत के जम्मू कश्मीर, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश एवं सिक्किम राज्य के हिस्सों में स्थित है। हिमालय पर्वत श्रेणी की सबसे ऊंची चोटी माउन्ट एवरेस्ट (8850) विश्व की सबसे ऊँनी पर्वत चोटी है।

**23. भारत में ग्रीष्मकालीन मानसून के प्रवाह की सामान्य दिशा निलजित में से कौनसी हैं ?**

(A) दक्षिण से उत्तर

(B) दक्षिण-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व

(C) दक्षिण-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम

**(D) दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व**

**व्याख्या-**भारत में ग्रीष्म कालीन मानसून के प्रवाह की सामान्य दिशा दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर होती है। भारत में सर्वाधिक वर्षा लगभग 80% वर्षा इसी मानसून से होती है। अरब सागर शाखा का मानसून सबसे पहले भारत के केरल राज्य में जून के प्रथम सप्ताह में आता है। यहां पश्चिमी घाट से टकराकर केरल के तटों पर वर्षा करता हुआ उत्तर पूर्व की ओर बढ़ता है।

**24. भारत की 2011 की जनगणना के अस्थायी आँकड़ों के अनुसार भारत का लिंगानुपात निम्नलिखित में से क्या हैं ?**

(A) 935 **(B) 940**

(C) 945 (D) 950

**व्याख्या-**2011 की जनगणना के अंतरिक्ष आंकड़ों के अनुसार भारत का लिंगानुपात 940 है। लिंगानुपात की गणना प्रति हजार पुरुष पर महिलाओं की संख्या के आधार पर ज्ञात की जाती है। भारत में सर्वाधिक लिंगानुपात वाला राज्य केरल है। (1084 महिलाएं प्रति 1000 पुरुष)। न्यूनतम लिंगानुपात वाला राज्य हरियाणा (877 : 1000) है।

**25. भारत का सर्वप्रथम राष्ट्रीय उद्यान निम्नलिखित में से कौनसा हैं ?**

(A) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान

(B) दुधवा राष्ट्रीय उद्यान का

(C) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान

**(D) कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान**

**व्याख्या-**भारत का सर्वप्रथम राष्ट्रीय उद्यान जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान है। यह उत्तराखण्ड राज्य में स्थित है। इसका पुराना नाम हेली नेशनल पार्क था। देश में सर्वाधिक राष्ट्रीय उद्यान मध्य प्रदेश राज्य में है।

**26. अलास्का निम्नलिखित में से किस देश का हिस्सा हैं ?**

(A) ग्रीनलैण्ड **(B) संयुक्त राज्य अमेरिका**

(C) कनाडा (D) रूस

**व्याख्या-**अलास्का संयुक्त राज्य अमेरिका का एक राज्य है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका की मुख्य भूमि से अलग सबसे बड़ा राज्य है। अलास्का तथा रूस के मध्य बैरिंग जल सागर स्थित है तथा बैरिंग जल सागर से अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा गुजरती है।

**27. एण्डीज पर्वत श्रेणी निम्नलिखित में से किस महाद्वीप में स्थित हैं ?**

(A) आस्ट्रेलिया (B) यूरोप

**(C) दक्षिण अमेरिका** (D) उत्तर अमेरिका

**व्याख्या-**एण्डीज़ पर्वत श्रेणी दक्षिण अमेरिका महाद्वीप पर स्थित है। एण्डीज विश्व की सबसे लम्बी पर्वत-माला है। यह लगभग 7200 किमी लम्बी है। एण्डीज पर्वत की सबसे ऊंची चोटी अकांकगुआ (ऊंचाई 6960 मी.) है

**28. भूमध्यरेखा निम्नलिखित में से किस देश से होकर नहीं गुजरती हैं ?**

(A) कीनिया (केन्या) **(B) मेक्सिको.**

(C) इंडोनेशिया (D) ब्राजील

**व्याख्या-**भूमध्य रेखा मैक्सिकों से होकर नहीं गुजरती है। मैक्सिकों से कर्क रेखां गुजरती है।

भूमध्य रेखा निम्न देशों से होकर गुजरती है।

इक्वेडोर, कोलम्बिया, ब्राजील, गैबन, कांगो, जायरे, युगांडा, केन्या, सोमालिया, इण्डोनेशिया।

**29. निम्नलिखित में से कौनसा शहर ' नहरों का शहर ' कहलाता है ?**

(A) एम्स्ट रडम (B) रोम

**(C) वेनिस** (D) एथेन्स

| **व्याख्या-** | भौगोलिक उपनाम |
|---|---|
| नहरों का शहर | वेनिस |
| पोप का शहर / होली सिटी | रोम |
| अंध महाद्वीप | अफ्रीका |
| सूर्योदय का देश | जापान |
| चीन का शोक | ह्वांग हो नहीं |
| दक्षिण का बिट्रेन | न्यूजीलैण्ड |

30. **निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य की सीमाएँ भूटान राष्ट्र के साथ नहीं मिलती हैं ?**

(A) सिक्किम **(B) मेघालय**

(C) अरुणाचल प्रदेश (D) पश्चिम बंगाल

**व्याख्या-**भूटान राष्ट्र की सीमा सिक्किम , पश्चिम बंगाल , असम और अरूणाचल प्रदेश राज्यों को स्पर्श करती है जबकि मेघालय राज्य की सीमा केवल बांग्लादेश राष्ट्र से मिलती है। भारत के कुल 17 राज्य पड़ोसी देश की सीमा से जुड़ते हैं।

**31. निम्नलिखित में से संविधान सभा के बारे में गलत कथन कौनसा है ?**

(A) इसने बड़ी संख्या में समितियों की मदद से काम किया। उनमें से प्रारूप समिति सबसे महत्वपूर्ण थी।

(B) अल्पसंख्यक समुदाय जैसे ईसाई , एंग्लो-इंडियन और पारसियों की सभा में पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया गया।

**(C) इसका निर्वाचन सार्वभौम वयस्क मताधिकार के आधार पर किया गया।**

(D) इसकी चुनाव प्रक्रिया 1935 के अधिनियम के 6वें अनुसूची पर आधारित थी। कर , सम्पत्ति और शैक्षणिक योग्यता के कारण मताधिकार सीमित कर दिया था।

**व्याख्या-**कैबिनेट मिशन की संस्तुतियों के आधार पर भारतीय संविधान का निर्माण करने वाली संविधान सभा का गठन जुलाई 1946 में किया गया। संविधान सभा के सदस्यों की सदस्यों की संख्या 389 निश्चित की गयी। जिसमें 292 ब्रिटिश प्रांतों के प्रतिनिधि 4 कमिश्नर क्षेत्रों के तथा 193 देशी रियासतों के प्रतिनिधि थे।

**32. निम्नलिखित में से दलीय व्यवस्था किस एक व्यापक व्यवस्था का अंग हैं ?**

(A) सामाजिक व्यवस्था (B) आर्थिक व्यवस्था

**(C) राजनैतिक व्यवस्था** (D) अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था

**व्याख्या-**दलीय व्यवस्था राजनैतिक व्यवस्था का व्यापक अंग है। जिसके। तहत एक संवैधानिक व्यवस्था होती है। इसमें एक दलीय या बहुदलीय व्यवस्था हो सकती है , जिसके तहत मुख्य पार्टी शासन करती है।

**33. रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया निम्नलिखित में से किसके बदले में मुद्रा-निर्गमन करता है ?**

**(A) स्वर्ण**

(B) विदेशी प्रतिभूति

(C) भारत सरकार की प्रतिभूति

(D) उपर्युक्त सभी

**व्याख्या-**रिजर्व बैंक आफ इंडिया भारत का केन्द्रीय बैंक है जो कि मुद्रा का निर्गमन करता है। वर्तमान में रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया करेन्सी नोट जारी करने के लिए न्यूनतम कोश पद्धति अपनाता है। इस पद्धति में | RBI के पास कुल किसी भी समय 200 करोड़ के मूल्य से कम नहीं होने चाहिए जिसमें से न्यूनतम 115 करोड़ का स्वर्ण होना

आवश्यक है तथा 85 करोड़ की भारत सरकार की प्रतिभूतियां रहती है।

**34. रेलवे जोन के लिए संसद सदस्यों की सलाहकार समिति निम्नलिखित में से किसके द्वारा गठित की जाती हैं ?**

(A) भारत के राष्ट्रपति

(B) रेल मंत्रालय

**(C) संसदीय मामलों का मंत्रालय**

(D) परिवहन मंत्रालय

**व्याख्या-**संसदीय मामलों का मंत्रालय द्वारा रेलवे जोन के लिए संसद सदस्यों की सलाहकार समिति गठित की जाती है। वर्तमान में भारत में 117 रेलवे जोन है। 17वां रेलवे जोन मेट्रो कोलकाता है।

**35. निम्नलिखित में से 12वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि कब से कब तक हैं ?**

(A) 2007-2012 **(B) 2012-2017**

(C) 2010-2015 (D) 2006-2011

**व्याख्या-**12वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि 2012 से 2017 है एवं भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना की अवधि 1951-56 थी। 12वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि में 9 प्रतिशत वार्षिक विकास दर का लक्ष्य स्वीकार किया गया था किन्तु वर्तमान परिस्थितियों के कारण 12वीं पंचवर्षीय योजना से सकल घरेलू उत्पाद ( GDP) में 8.2% औसत वार्षिक विकास वृद्धि दर का ही लक्ष्य रखा गया है।

**36. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना निम्नलिखित में से किसके द्वारा की जाती हैं ?**

(A) योजना आयोग

(B) वित्त मंत्रालय

**(C) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन**

(D) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया।

**व्याख्या-**भारत की राष्ट्रीय आय और प्रति व्यक्ति आय की गणना का प्रथम प्रयास दादा भाई नौरोजी ने वर्ष 1867-68 में किया था। भारत में सांख्यिकी विभाग के अन्तर्गत केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन राष्ट्रीय आय के आकलन के लिए उत्तरदायी है। इस कार्य में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन केन्द्रीय शांख्यिकी संगठन की सहायता करता है।

**37. निम्नलिखित से कौनसा 'श्वेत क्रान्ति' से सम्बन्धित हैं ?**

(A) पी. जे. कुरियन **(B) वर्गीज कुरियन**

(C) एम.एस.स्वामीनाथन (D) एम.एस.रघुनाथन

**व्याख्या-**श्वेत क्रान्ति दुग्ध के उत्पादन से संबंधित है। श्वेत क्रान्ति की गति को और तेज करने के लिए आपरेशन फ्लड आरंभ किया गया शुरुआत की जा रही है। इसके सूत्रधार डॉ. वर्गीज कुरियन थे। वर्तमान में द्वितीय श्वेत क्रान्ति की शुरुआत की जा रही है

**38. निम्नलिखित में से कौनसा बैंक भारत का केन्द्रीय बैंक ?**

(A) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया

(B) बैंक ऑफ इण्डिया

(C) यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

**(D) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया**

**व्याख्या-**भारत का केन्द्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम 1934 के तहत 1 अप्रैल 1935 को रु. 5 करोड़ की पूँजी के साथ रिजर्व बैंक आफ इण्डिया की स्थापना की गई। RBI का राष्ट्रीयकरण 1 जनवरी 1949 को किया गया। इसका मुख्यालय मुम्बई में है।

**39. निम्नलिखित में से कौन प्रथम लोकसभा के अध्यक्ष थे ?**

**(A) जी. वी. मावलंकर** (B) के. एम. मुंशी

(C) जी. बी. पन्त (D) आचार्य कृपलानी

**व्याख्या-**संविधान के अनुच्छेद 93 के अनुसार लोकसभा स्वयं ही अपने सदस्यों में से एक अध्यक्ष और एक उपाध्यक्ष

mppsctarget.com
Be Calm, Work Hard

का निर्वाचन करती है। लोक सभा के प्रथम अध्यक्ष श्री जी. वी. मावलंकर एवं उपाध्यक्ष श्री अनंतशयनम थे। प्रथम लोकसभा का कार्य काल 17 अप्रैल 1952 से 4 अप्रैल 1957 तक रहा।

40. **निम्नलिखित में से कौन सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम नहीं हैं ?**

(A) एन. टी. पी. सी. (N. T. P. C.)

(B) एस. ए. आई. एल. (S. A. I. L.)

(C) बी. एच. ई. एल. (B. H. E. L.)

**(D) टिस्को (T.I. S. C. O.)**

**व्याख्या-**जिन कम्पनियों की कुल अंश पूंजी का 51% से अधिक का स्वामित्व सरकार के पास हो सार्वजनिक कम्पनी कहलाती है।

-सार्वजनिक उद्यम का संचालन व नियंत्रण सरकार द्वारा होता है। प्रमुख सार्वजनिक कंपनी (1) NTPC (2) BHEL (3) SAIL (4) ONGC (5) IOC (6) CIL 17) MTNL

**41. मध्य प्रदेश में सबसे बड़ा इन्डोर स्टेडियम निम्नलिखित में से कहाँ पर स्थित हैं ?**

(A) ग्वालियर (C) भोपाल

(D) जबलपुर **(B) इन्दौर**

**व्याख्या-**मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा इन्डोर स्टेडियम इन्दौर में स्थित है। म. प्र. के प्रमुख स्टेडियम नाम शहर रूपसिंह स्टेडियम ग्वालियर ऐशबाग स्टेडियम भोपाल होल्कर स्टेडियम इन्दौर तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल ठाकुर रणमतसिंह स्टेडियम रीवा भारत का सबसे बड़ा इन्डोर स्टेडियम इंदिरा गांधी स्टेडियम (दिल्ली) है।

**42. सुबतो कप निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?**

**(A) फुटबॉल** (B) क्रिकेट

(C) शतरंज (D) बैडमिन्टन

**व्याख्या-**फुटबॉल खेल से संबंधित कप/ट्रॉफी-सुब्रतो मुखर्जी कप, डूरंड कप, रोवर्स कप, संतोष ट्राफी, मडेंका कप, आशुतोष मुखर्जी | कप, डी. सी. एम. ट्रॉफी आदि।

**43. निम्नलिखित में से किस ओलम्पिक तैराक ने अपने जीवन में 18 स्वर्णपदक जीते हैं ?**

**(A) माईकल फेलप्स (यू. एस. ए.)**

(B) फ्लोरेन्ट मनौडोव (फ्रान्स)

(C) कूलिन जोन्स (यू. एस. ए.)

(D) इआन थोर्प (आस्ट्रेलिया)

**व्याख्या-**ओलम्पिक में सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीतने वाले यू. एस.एन. के तैराक माइकल फेल्प्स है। फेल्प्स ने अपने जीवन में 18 स्वर्ण पदक जीते। फेल्प्स गोल्डन शार्क के रूप में विख्यात है।

**44. मेरी कॉम को मिला है / मिले हैं :**

(A) 2012 ओलम्पिक में कांस्य पदक

(B) अर्जुन पुरस्कार

(C) पदमश्री **(D) उपर्युक्त सभी**

**व्याख्या-**एम. सी. मेरी कॉम ने 30वें लंदन ओलम्पिक खेल में मुक्केबाजी में कांस्य पदक जीतकर भारत का झण्डा ऊंचा किया। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2013 का पद्मभूषण , वर्ण 2003 में अर्जुन अवार्ड , वर्ष 2006 में पद्मश्री , और वर्ष 2009 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार मेरीकॉम को। प्रदान किया गया।

**45. वर्तमान में निम्नलिखित में से मध्य प्रदेश खेल परिषद के अध्यक्ष कौन है ?**

(A) कैलाश विजयवर्गीय (B) शिवराज सिंह चौहान

(C) तुकोजीराव पवार (D) विक्रम वर्मा

Bonus (उपरोक्त में से कोई नहीं)

| **मंत्री** | **विभाग** |
|---|---|
| शिवराज सिंह चौहान | मुख्यमंत्री,(सामान्य,प्रशासन, विमानन) |
| कैलाश विजयवर्गीय | वाणिज्य,उद्योग,IT, विज्ञान |
| तुकोजीराव पवार | पर्यटन,खेलएवं युवा कल्याण |

**46. कितने खिलाड़ी एक टीम से मैदान पर क्रमशः खो-खो , कबड्डी, वॉलीबॉल व बास्केटबॉल में खेलते हैं ?**

(A) 7,9, 5, 6 (B) 5, 6, 7,9

**(C) 9, 7, 6,5** (D) 7,5, 6,9

**व्याख्या-**प्रमुख खेल और उनके खिलाड़ियों की संख्या -

| **खेल** | **खिलाड़ियों की संख्या** |
|---|---|
| खो-खो | 9 |
| कबड्डी | 7 |
| वॉलीबॉल | 6 |
| बास्केट बॉल | 5 |
| पोलो | 4 |
| बेसबॉल | 9 |
| रग्बी | 15 |
| नेटबॉल | 7 |

**47. खेल प्रशिक्षक को उसके समर्पित कार्य हेतु मध्य प्रदेश शासन द्वारा निम्नलिखित में से कौनसा पुरस्कार दिया जाता है ?**

(A) द्रोणाचार्य पुरस्कार (B) परशुराम पुरस्कार

(C) विक्रम पुरस्कार (D) सांदिपनी पुरस्कार

**व्याख्या-**मध्यप्रदेश में प्रशिक्षण के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य हेतु प्रशिक्षकों को "विश्वामित्र पुरस्कार" दिया जाता है। इस पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1994 में की गयी। इस पुरस्कार के अन्तर्गत 1 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है।

**48. सन् 1956 व 1964 के ओलम्पिक खेलों में स्वर्णपदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम/टीमों के गोलरक्षक का क्या नाम हैं ?**

(A) ध्यानचन्द. (B) अजितपाल सिंह

(C) रूप सिंह **(D) शंकर लक्ष्मण**

**व्याख्या-**सन् 1956 व 1964 के ओलम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर शंकर लक्ष्मण की ख्याति मध्यप्रदेश के खेल जगत के लिए अमिट योगदान है।

**49. निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सी. के. नायडू लाइफ-टाइम एचीवमेंट अवार्ड से नवाज़ा हैं ?**

**(A) सुनील गावस्कर** (B) अनिल कुंबले

(C) सचिन तेन्दुलकर (D) सौरव गांगुली

**व्याख्या-**भारतीय क्रिकेट कन्ट्रोल बोर्ड ने सी. के. नायडू लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से सुनील गावस्कर को पुरस्कृत किया वर्ष 2012 में सचिन तेंदुलकर को राज्य सभा का सदस्य नियुक्त किया गया।

**50. निम्नलिखित में से 2012 की विश्व बिलियर्ड स्पर्धा किसने जीती ?**

(A) माइक रसेल (B) रूपेश शाह

(C) ध्रुव सिट्वाला **(D) पंकज आडवानी**

**व्याख्या-**विश्व विलियर्ड स्पर्धा 2012 पंकज आडवानी ने जीती। भारत सरकार द्वारा पंकज आडवानी को अर्जुन अवार्ड, राजीव गांधी खेल रत्न और पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

**51. मध्य प्रदेश शासन के प्रतिष्ठित 'कालिदास सम्मान से नवम्बर 2012 में निम्नलिखित में से किसे सम्मानित किया गया था ?**

(A) लता मंगेशकर (B) आमिर खान
**(C) अनुपम खेर** (D) पंडित रविशंकर

**व्याख्या-**मध्यप्रदेश शासन द्वारा नवम्बर 2012 में कालिदास सम्मान से अनुपम खेर को सम्मानित किया गया। म. प्र. के संस्कृति विभाग द्वारा यह सम्मान प्रदान किया जाता है। इसके अन्तर्गत राष्ट्रीय स्तर पर 1 लाख रु. का नगद पुरस्कार दिया जाता है। 1980 से कालिदास सम्मान प्रदान किया जा रहा है।

**52. निम्नलिखित में से मध्य प्रदेश में सर्वाधिक सोयाबीन कहाँ होता हैं ?**

**(A) मालवा** (B) बुन्देलखण्ड
(C) बघेलखण्ड (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या-**मध्यप्रदेश में सोयबीन सर्वाधिक मालवा क्षेत्र में बोया जाता है। भारत के कल सोयाबीन उत्पादन का 55 % सोयाबीन मध्यप्रदेश में उत्पादित किया जाता है। मध्यप्रदेश को सोयाराज्य भा कहा जाता है। प्रमख उत्पादक | जिले- उज्जैन, इंदौर, धार, विदिशा, रायसेन भोपाल आदि।

**53. निम्नलिखित में से मध्य प्रदेश के किस जिले की सीमा उत्तर प्रदेश को स्पर्श नहीं करती हैं-**

(A) भिण्ड (B) सतना
(C) शिवपुरी **(D) श्योपुर**

**व्याख्या-**मध्यप्रदेश के सीधी, रीवा, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, सागर, गुना, शिवपुरी, दतिया, भिण्ड, मुरैना जिले की सीमाएं उत्तर-प्रदेश को स्पर्श करती है। श्योपुर जिले की सीमा राजस्थान को स्पर्श करती है।

**54. निम्नलिखित में से कौन, जनसंख्या की दृष्टि से म. प्र. का सबसे छोटा जिला हैं ?**

(A) श्योपुर (B) रायसेन
(C) दतिया **(D) हरदा**

**व्याख्या-**जनसंख्या की दृष्टि से सबसे छोटा जिला हरदा (570302) एवं सबसे बड़ा जिला इंदौर (3 , 272, 335) है। क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा जिला छिंदवाडा तथा सबसे छोटा जिला दतिया है।

**55. मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री निम्नलिखित में से कौन थे ?**

**(A) रविशंकर शुक्ल** (B) कैलाशनाथ काटजू
(C) पट्टाभि सीतारमैया (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या-**मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं रविशंकर शुक्ल थे एवं प्रदेश के प्रथम राज्यपाल डॉ. पट्टभिसीता रमैया तथा विधान सभा अध्यक्ष कुंजीलाल दुबे थे।

**56. भारत के बारह ज्योतिर्लिंगों में से मध्य प्रदेश में ज्योतिर्लिंगों की संख्या कितनी है ?**

(A) 1 **(B) 2**
(C) 3 (D) 4

**व्याख्या-**मध्य प्रदेश में दो ज्योतिलिंग है
(1) उज्जैन-महाकालेश्वर
(2) औंकारेश्वर-ममलेश्वर सम्पूर्ण भारत में बारह ज्योर्तिलिंग है। (1) मल्लिकार्जन (2) त्र्यंबक
(3) वैद्यनाथ (4) भीमशंकर (5) महाकालेश्वर (6) ममलेश्वर
(7) सोमनाथ (8) केदारनाथ (9) रामेश्वरम् (10) विश्वनाथ
(11) धृणेश्वर (12) नागेश्वरम्।

**57. 'माण्डू' निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?**

(A) जीवाजी राव **(B) रानी रूपमती**
(C) अतलाउद्दीन खाँ (D) झलकारी बाई

**व्याख्या-**माण्डू को "सिटी आफ ज्वाय ' कहा जाता है। माण्डू धार जिले में स्थित है। रानी रूपमती और बाजबहादर की प्रणयगाथा का व्याख्यान यहां के खण्डहरों में साक्षात् मिल जाता है। रानी रूपमती का महल स्थापत्य प्रेम का प्रतीक है।

**58. निम्नलिखित में से मध्य प्रदेश की कौनसी जनजाति जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ी हैं ?**

(A) सहरिया (B) भील
(C) कोल (D) भारिया

**व्याख्या-**मध्यप्रदेश में देश की सर्वाधिक जनजातियाँ रहती है। जनसंख्या की दृष्टि से भील जनजाति मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी जनजाति है। भील जनजाति पश्चिमी म. प्र. के झाबुआ, धार, बड़वानी खरगोन, बुरहानपुर, रतलाम, नीमच जिलो में निवास करती है।

**59. निम्नलिखित में से मूर्तिकला का प्रसिद्ध स्थान फड़के स्टूडियों कहाँ स्थित हैं ?**

(A) ग्वालियर (B) रीवा
(C) धार (D) भोपाल

**व्याख्या-**मूर्तिकला का प्रसिद्ध फाफड़े स्टूडियों धार में स्थित है। इस प्रमुख अन्नासाहेब फडके का नाम उल्लेखनीय हैं। फड़के का कला केन्द्र एवं स्टूडियों मूर्तिकला के विकास में उल्लेखनीय कार्य किया है। भोपाल में स्थित भारत भवन भी मूर्तिकला के लिए प्रसिद्ध है।

**60. मध्य प्रदेश में प्रतिवर्ष अखिल भारतीय शास्त्रीय नृत्य उत्सव कहाँ आयोजित किया जाता हैं ?**

(A) पचमढ़ी (B) खजुराहो
(C) ग्वालियर (D) ओरछा

**व्याख्या-**अखिल भारतीय शास्त्रीय नृत्य उत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष खजुराहों में किया जाता है खजुराहों नृत्य समारोह म. प्र. का ही नहीं भारत का सबसे बड़ा नृत्य समारोह है। खजुराहों नृत्य उत्सव में उत्तर एवं दक्षिण भारत की नृत्य शैलियों का संगम होता है।

**61. पिछले दिनों किस देश की संसद ने नए संविधान के गठन हेतु संविधान सभा को छ : माह का विस्तार दिया हैं ?**

(A) भूटान (B) नेपाल
(C) चीन (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं है

**व्याख्या-**नेपाल में नए संविधान के गठन हेतु नेपाल की संसद द्वारा संविधान सभा को छ : माह का विस्तार दिया गया। जबकि भूटान और चीन में किसी प्रकार का कोई संवैधानिक विवाद नहीं है।।

**62. अमेरिका ने अफगानिस्तान ने अपने 33,000 सैनिकों को किस वर्ष के अन्त तक बुलाने की घोषणा की हैं ?**

(A) 2012 (B) 2013
(C) 2014 (D) 2015

**व्याख्या-** अमेरिका ने अफगानिस्तान से 2012 में 33000 सैनिकों को वापस बुलाने एवं 2014 तक सारे अमेरिकी सैनिक हटाने की घोषणा की। जबकि आस्टेलिया एवं फ्रांस सहित कई देशों ने अपनी सेनाए वापिस बुला ली है।

63. **नवम्बर 2011 में पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त सैनिक अभ्यास व्याख निम्न में से किस नदी के किनारे किया था ?**

(A) सिन्धु (B) चेनाब
(C) झेलम (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या-**चीन और पाकिस्तान का संयुक्त सैन्य अभ्यास नवम्बर 2011 में चेनाब नदी के किनारे सम्पन्न किया गया था। यह युद्धाभ्यास चीन और पाकिस्तान ने भारत को अपनी सैन्य शक्ति को प्रदर्शित करने के व्यास दृष्टिकोण से किया। इस सैन्य अभ्यास का उद्देश्य पाकिस्तान की सेना को अधिक दक्ष बनाना है जिसके लिए चीन ने सहयोग प्रदान किया।

**64. निम्न में से किन देशों ने सीरिया पर होने वाली अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस का बहिष्कार किया था ?**

(A) चीन (B) रूस

(C) अमेरिका **(D) (A) तथा (B) दोनों**

**व्याख्या-**संयुक्त राष्ट्र संघ में सीरिया पर होने वाली अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस का बहिष्कार चीन और रूस द्वारा किया गया है। जबकि अमेरिका समर्थित नाटो देशों ने इसका समर्थन किया है। जिसमें सीरिया देशों को अलग थलग करने एवं विरोधी गुट को समर्थन का प्रावधान किया।

**65. ब्रिटिश का ससद क दाना सदना का सम्बोधित करने वाला ब्रिटेन की महारानी को छोड़कर प्रथम महिला है :**

(A) इन्दिरा गाँधी (B) बेनजीर भुट्टो

(C) सोनिया गाँधी **(D) आंग सान सूकी**

**व्याख्या-**आंग सान सकी ब्रिटिश की संसद के दोनों सदनों को सम्बोधित करने वाली प्रथम महिला बनी (ब्रिटेन की महारानी को छोड़कर) आंग सान सूकी म्यांमार की लोकतंत्र समर्थक नेता है।

**66. सर क्रीक विवाद किन दो देशों के मध्य हैं ?**

**(A) भारत-पाकिस्तान** (B) अफगानिस्तान-पाकिस्तान

(C) चीन-भारत (D) भारत-बांग्लादेश

**व्याख्या-**सर क्रीक रेखा विवाद भारत और पाकिस्तान के मध्य है। सरक्रीक रेखा भारत के गुजरात राज्य व पाकिस्तान के बीच है। भारत पाकिस्तान के बीच रेडक्लिफ रेखा है जो 15 अगस्त 1947 ई. को सर. एन. रेडक्लिफ द्वारा निर्धारित की गई थी। भारत-चीन सीमा को मैकमोहन रेखा कहते हैं।

**67. हाल में ' टाइम ' द्वारा जारी विश्व में शीर्ष 36 प्रदर्शनकारियों की सूची में अन्ना हजारे को कौनसा स्थान दिया गया हैं ?**

(A) पहला (B) पाँचवाँ

**(C) दसवाँ** (D) पन्द्रहवाँ

**व्याख्या-**' टाइम ' द्वारा जारी विश्व शीर्ष 36 प्रदर्शनकारियों की सूची में अन्ना हजारे को 10वां स्थान दिया गया।

68. **निम्नांकित में से कौनसा "नेशनल वोटर्स डे" है ?**

(A) 5 जून (B) 1 नवम्बर

**(C) 25 जनवरी** (D) 8 मार्च

**व्याख्या-**

| **दिनांक** | **दिवस** |
|---|---|
| 5 जून विश्व | पर्यावरण दिवस |
| 14 नवम्बर | बाल दिवस |
| 25 जनवरी | राष्ट्रीय मतदाता दिवस |
| 8 मार्च | अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस |
| 1 दिसम्बर | विश्व एड्स दिवस |

**69. एशियन निशानेबाजी चैम्पियनशिप, 2012 का आयोजन कहाँ किया गया ?**

(A) कुआलालम्पुर (B) कोलम्बो

(C) अजरबेजान **(D) दोहा**

**व्याख्या-**एशियन निशानेबाजी चैम्पियनशिप 2012 का आयोजन दोटा कतर में 11 जनवरी से 22 जनवरी 2012 के बीच किया गया। यह-में 2012 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के लिए एशियाई क्वालिफाई टूर्नामेंट के रूप में कराया गया था।

**70. मलाला का इलाज किस देश में चल रहा हैं ?**

(A) पाकिस्तान **(B) ब्रिटेन**

(C) अमेरिका (D) जर्मनी

**व्याख्या-**मलाला युसुफजाई को पाकिस्तान में 9 अक्टूबर 2012 को नालिबानी आतंकवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया था, पाकिस्तान में हुए प्राथमिक उपचार में बाद मलाला का इलाज अब ब्रिटेन में चल रहा है।

**71. रेल बजट 2012-13 में मध्य प्रदेश में किस जिले में उच्च क्षमता वाला, डीजल इंजनों के लिए ट्रैक्शन आल्टरनेटर्स कारखाना लगाने का प्रस्ताव हैं ?**

(A) सतना (B) ग्वालियर

**(C) विदिशा** (D) भोपाल

**व्याख्या-**रेलवे बजट 2012-13 में मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में उच्च क्षमता वाला , डीजल इंजनों के लिए ट्रेक्शन आल्टनेटर्स कारखाना रेलमंत्री दिनेश त्रिवेदी द्वारा प्रस्तावित किया गया।

**72. मण्डीदीप औद्योगिक क्षेत्र मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थित हैं ?**

(A) विदिशा (B) भोपाल

(C) सीहोर **(D) रायसेन**

**व्याख्या-**मण्डीदीप औद्योगिक क्षेत्र रायसेन जिले में स्थित है। भारत में "आप्टिकल फाइबर" का पहला कारखाना मण्डीदीप में जापान के सहयोग से खोला गया।

**73. मध्य प्रदेश के किस जिले में रेलवे स्लीपर बनाने का कारखाना स्थित हैं ?**

(A) सोहोर (B) भोपाल

(C) होशंगाबाद (D) बैतूल

**व्याख्या-**रेल मंत्रालय के अधीन मध्यप्रदेश में निम्न प्रतिष्ठान स्थापित है

(1) रेलवे स्लीपर -बुधनी (सीहोर)

(2) रेलवे कोच फैक्ट्री -भोपाल (स्थापना-1976)

(3) डीजल इंजन कारखाना -इन्दौर।

**74. मध्य प्रदेश की प्रथम महिला मुख्य मंत्री कौन थीं ?**

(A) विमला शर्मा (B) विजयाराजे सिंधिया

(C) निर्मला यादव **(D) उमा भारती**

**व्याख्या-**

प्रथम महिला न्यायाधीश -श्रीमती सरोजनी सक्सेना

प्रथम महिला राज्यपाल -सुश्री. सरला ग्रेवाल

प्रथम महिला विपक्ष नेता -जमुना देवी

प्रथम महिला मुख्य सचिव -निर्मला बुच

**75. जलदीप योजना मध्य प्रदेश शासन ने प्रारम्भिक तौर पर किस जलाशय से प्रारम्भ की हैं ?**

**(A) इन्दिरा सागर** (B) गांधी सागर

(C) बाण सागर (D) यशवन्त सागर

**व्याख्या-**मध्यप्रदेश शासन द्वारा जलदीप योजना का प्रारम्भ इन्दिरा सागर जलाशय से किया गया। मछुआरों हेतु जलदीप योजना प्रारम्भ की

**76. वर्तमान में मध्य प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कौन हैं ?**

**(A) ईश्वरदास रोहाणी** (B) मुकुन्द नेवालकर

(C) श्रीनिवास तिवारी (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या-**वर्तमान में मध्यप्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष श्री ईश्वर दास रोहाणी तथा विधान सभा उपाध्यक्ष श्री हरवंश सिंह थे। म. प्र. के प्रथम विधान सभा अध्यक्ष कुंजी लाल दुबे तथा उपाध्यक्ष विष्णु विनायक सरवटे थे।

**77. 1-11-2000 को मध्यप्रदेश के विभाजन के समय मुख्य मंत्री कौन था ?**

(A) अर्जुन सिंह **(B) दिग्विजय सिंह**

(C) सुंदरलाल पटवा (D) वीरेन्द्र कुमार सकलेचा

**व्याख्या-**मध्यप्रदेश का विभाजन 1 नवम्बर 2000 को मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह के कार्यकाल (7 दिसम्बर 1993 से 7 दिसम्बर 2003 तक) के समय हआ। म. प्र. में सबसे लम्बे समय तक तथा लगातार 10 वर्ष मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड श्री दिग्विजय सिंह के नाम है।

**78. रिलायन्स समूह को मध्य प्रदेश में कोल बेड मीथेन के भण्डार कहाँ मिले हैं ?**

**(A) सुहागपुर** (B) गुना
(C) बालाघाट (D) रीवा

**व्याख्या-**मध्यप्रदेश शहडोल जिले के सुहागपुर नामक स्थान पर रिलायन्स समूह द्वारा कोल बेड मीथेन के भण्डार खोजे गए है। छिन्दवाड़ा और अनुपपुर में भी मीथेन गैस की खोज की जा रही है।

**79. दुष्यन्त कुमार पाण्डुलिपि संग्रहालय कहाँ स्थित है ?**

**(A) भोपाल** (B) जबलपुर
(C) उज्जैन (D) बालाघाट

**व्याख्या-**दुष्यन्त कुमार पाण्डुलिपि संग्रहालय भोपाल में स्थित है। केन्द्रीय पुरातत्वीय संग्रहालय की स्थापना 1923 में इन्दौर में की गई इसमें प्रदर्शित सामग्री-प्रतिमा से सिक्के , ताम्रपत्र, अभिलेख, सिक्क एवं धातुई तोपे है।

**80. साँची स्तूप का निर्माण किसने करवाया था ?.**

(A) चन्द्रगुप्त (B) गौतम बुद्ध
(C) महावीर **(D) अशोक**

**व्याख्या-**साँची स्तूप म. प्र. के रायसेन जिले में स्थित है। साँची के स्तूप का निर्माण सम्राट अशोक ने करवाया था एवं तोरण द्वार का निर्माण पुष्यमित्र शुंग द्वारा किया गया। साँची के स्तूप में सारिपुत्र तथा महामोगलायन की अस्थियां रखी है। साँची को 1989 में यूनेस्कों ने विश्वधरोहर की सूची में शामिल किया।

**81. निम्नांकित में से किस प्रोटोकोल द्वारा वर्ल्ड वाइड वेब में पहुँचा जा सकता हैं ?**

**(A) एच. टी. टी. पी.** (B) एस. एम. टी. पी.
(C) एस. एल. आई. पी. (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या-**Hyper Text Transfer Protocal (HTTP) एक इन्टरनेट पर प्रयुक्त एप्लिकेशन स्तर का प्रोटोकॉल है जो वर्ल्ड वाइड वेब पर बेव पेज के प्रसारण का निर्धारण करता है।

**82. निम्नांकित में से कौन एक वैलिड (वैध) डोमेन नेम एक्सटेंशन हैं ?**

(A). com (B). gov
(C) .net **(D) उपर्युक्त सभी**

**व्याख्या-**डोमेन एक विशेष नाम है जो इन्टरनेट साइट की पहचान बताता है। किसी इन्टरनेट बेवसाइट का URL के अंत में डॉट (Dot) के बाद के नाम को डोमेन नाम कहते हैं। यह किसी संस्थान या देश को इंगित करता है

.gov -सरकारी संस्था
.net -नेटवर्क
.com -कॉमर्शियल
.in -भारत

**83. यू. आर. एल. का विस्तृत रूप है।**

(A) यूनिक रिसोर्स लोकेटर
(B) यूनिवर्सल रिसोर्स लोकेटर
**(C) यूनिफार्म रिसोर्स लोकेटर**
(D) यूनाइटेड रिसोर्स लोकेटर

**व्याख्या-**यह इंटरनेट पर किसी भी संसाधन का पता देने के लिए स्टैण्डर्ड तरीका है। यह इन्टरनेट पर उपलब्ध सूचनाओं का पता बताता है तथा उस सूचना के प्रोटोकॉल तथा डोमेन नाम को भी दर्शाता है।

**84. ई-मेल का विस्तृत रूप है :**

(A) इलेक्ट्रिकल मेल **(B) इलेक्ट्रॉनिक मेल**
(C) इलास्टिक मेल (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या-**ई-मेल का विस्तृत रूप इलेक्ट्रॉनिक मेल है। यह व्यापक रूप से प्रयोग होने वाली इंटरनेट सेवा है। ई-मेल पते के दो भाग होते है यूजर नाम तथा डोमेन नाम। ई-मेल का जन्मदाता आर. टोमलिंसन है।

**85. निम्नांकित में से कौन निःशुल्क ई-मेल में प्रदाता है ?**

(A) हाटमेल (B) रेडिफमेल

(C) याहू **(D) उपर्युक्त सभी**

**व्याख्या-**प्रमुख निःशुल्क ई-मेल सेवा प्रदाता साइट

(1) rediffmail (2) yahoo

(3) hotmail (4) gmail. com (5) india. com

**86. एच. टी. एम. एल. का विस्तृत रूप है :**

(A) हाइब्रिड टेक्स्ट मार्कअप लेंग्वेज

**(B) हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लेंग्वेज**

(C) हायर टेक्स्ट मार्कअप लेंग्वेज

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या-**HTML हाइपर टेक्स्ट मार्कअप लेंग्वेज का संक्षिप्त रूप है। HTML एक भाषा है। वेब पेजों को HTML भाषा में लिखा जाता है।

**87. कम्प्यूटर वायरस है :**

(A) ऐसा कम्प्यूटर प्रोग्राम जो स्वयं को प्रतिलिपियाँ बना सके

(B) ऐसा वायरस जो मनुष्यों के स्वास्थ्य को प्रभावित करे

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या-**वायरस एक प्रोग्राम है जो हमारे कम्प्यूटर सिस्टम में बिना हमारी इच्छा तथा जानकारी के लोड हो जाता है। एक वायरस बार-बार को क्षति पहुंचाता है। खद की प्रतिलिपि तैयार कर सकता है। यह कम्प्यूटर को डेटा या प्रोग्राम एन्टीवायरस कहते हैं। वायरस को नष्ट करने के लिए बनाए गए प्रोग्राम या साफ्टवेयर को एन्टीवायरस कहते हैं।

**88. कम्प्यूटर हैकर है :**

(A) एक व्यक्ति जो कम्प्यूटर की सरक्षा बनाए रखता है

**(B) एक व्यक्ति जो व्यक्तिगत लाभ के दूषित इरादों से कम्प्यूटर सुरक्षा का पालन नहीं करता**

(C) कम्प्यूटर के सुरक्षित परिचालन हेत उत्तरदायी एक व्यक्ति

(D) कम्प्यूटर सुधारने वाला एक व्यक्ति

**व्याख्या-**एक व्यक्ति जो व्यक्तिगत लाभ के दूषित इरादों से कम्प्यूटर सुरक्षा का पालन नहीं करता हैकर कहलाता हैं।

**89. वीडियो कांफ्रेंसिंग हैं :**

**(A) दूरसंचार प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए वीडियो कॉल का परिचालन**

(B) दूरभाष पर कॉल का परिचालन

(C) दूरबीन प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए वीडियो कांफ्रेंस का परिचालन

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या-**वीडियों कान्फ्रेसिंग में इन्टरनेट की सहायता से दो या दो से अधिक व्यक्ति ऐसे वार्तालाप कर सकते है जैसे वे आमने-सामने ही इसमें | कम्प्यूटर के साथ-साथ विडियो कैमरा ' माइक्रोफोन तथा स्पीकर की आवश्यकता होती है।

**90. साइबर क्राइम कार्य है :**

(A) हैकिंग (B) स्टाकिंग

(C) सर्विस आघात की मनाही **(D) उपर्युक्त सभी**

**व्याख्या-**साइबर क्राइम कार्य में हैकिंग , स्टाकिंग तथा सर्विस आघात की मनाही को शामिल किया गया है।

**91. 2012 में निम्न में से किस भारतीय संगीतज्ञ को "लाइफटाइम अचीवमेंट ग्रेमी पुरस्कार " हेतु चयनित किया गया था ?**

(A) पंडित गिरिजाशंकर (B) जाकिर हुसैन

(C) ए. आर. रहमान **(D) पंडित**

**व्याख्या-**वर्ष 2012 में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार हेतु पंडित रविशंकर को चयनित किया गया था , यह पुरस्कार उनके मरणोपरान्त 111 फरवरी 2013 को पं रविशंकर की पुत्री नोरा जोन्स को उनके नाम। से प्रदान किया गया।

**92. मध्यप्रदेश का महालेखाकार कार्यालय (ए. जी. एम. पी.) निम्नांकित में से किस शहर में स्थित हैं ?**

(A) भोपाल (B) ग्वालियर

(C) जबलपुर (D) रीवा

**व्याख्या-**मध्य प्रदेश का महा-लेखाकार कार्यालय ग्वालियर में स्थित है। म. प्र. का उच्च न्यायालय जबलपर में स्थित है। एवं उच्च न्यायालय की खण्डपीठ इन्दौर और ग्वालियर में स्थित है।

**93. आर. सी. वी. पी. नोरोन्हा प्रशासनिक अकादमी किस शहर में स्थित हैं ?**

(A) जबलपुर (B) मसूरी

(C) मुंबई (D) भोपाल

**व्याख्या-**आर. सी. वी. पी. नोरोन्हा प्रशासनिक अकादमी भोपाल में स्थित है। श्री आर. पी. नोरोन्हा म. प्र. के दूसरे मुख्य सचिव थे जिनमें नाम पर प्रशासनिक अकादमी भोपाल का नामकरण किया गया है।

**94. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम , 1955 के अधीन सभी दण्डनीय अपराध हैं :**

(A) संज्ञेय तथा अजमानतीय

(B) संज्ञेय तथा अशमनीय

(C) असंज्ञेय तथा जमानतीय

(D) असंज्ञेय तथा शमनीय

**व्याख्या-**सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1 जून 1955 को लागू हुआ। अधिनियम की धारा 1 (1) के अनुसार यह अधिनियम सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 कहा जा सकेगा। इसका विस्तार सम्पूर्ण भारत में है। इस अधिनियम के अधीन सभी संज्ञेय तथा अजमानतीय अपराध दण्डनीय है।

**95. "अस्पृश्यता" से उद्भूत अपराध गठित नहीं होगा जबकि :**

(A) अभियुक्त का कार्य जनसाधारण के किसी अनुभाग के व्यक्तियों के फायदे के लिये सृष्ट एक पूर्त न्यास के अधीन फायदे के उपभोग करने के संबंध में है।

(B) अभियुक्त का कार्य अलंकारों के उपयोग करने के संबंध में है

(C) अभियुक्त के अपराध कारित करने में सक्षम नहीं होने से है।

(D) अभियुक्त और परिवादी पीड़ित समान सामाजिक-समूह से है।

**व्याख्या-**सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 की धारा-7 में "अस्पृश्यता" उद्भूत अपराधों के लिए दण्ड का प्रावधान है। इस प्रावधान के अनुसार यदि अभियुक्त और परिवादी पीड़ित समान सामाजिक समूह से है तो अस्पृश्यता से उद्भूत अपराध गठित नहीं होगा।

**96. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम का विस्तार है :**

(A) सम्पूर्ण भारत पर

(B) अनुसूचित क्षेत्रों के सिवाय सम्पूर्ण भारत पर

(C) जम्मू-कश्मीर राज्य के सिवाय सम्पूर्ण भारत पर

(D) संघ राज्यक्षेत्र गोवा, दमन तथा दीव के सिवाय सम्पूर्ण भारत पर

**व्याख्या-**सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 पर राष्ट्रपति द्वारा 8 मई 1955 को अनुमति प्रदान की गई। सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1 जून 1955 को लागू हुआ। इस अधिनियम का विस्तार सम्पूर्ण भारत में है।

**97. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 प्रवृत्त हुआ है :**

(A) 1 जुलाई, 1989 (B) 30 जनवरी 1990

(C) 20 जुलाई, 1989 (D) 1 जनवरी, 1990

**व्याख्या-**भारतीय संसद द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 को 11 सितम्बर 1989 को पारित किया गया। इस अधिनियम में कुल 23 धाराएँ है। धारा 1 के अनुसार जम्मू-कश्मीर को छोडकर यह अधिनियम सम्पूर्ण भारत में दिनांक 30 जनवरी 1990 से प्रवृत (लाग) किया गया।

**98. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण, अधिनियम, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की उन्नति के लिए एक प्रावधान है जो निम्न में से किस एक सिद्धान्त पर आधारित हैं ?**

(A) पृथक्करणीयता का सिद्धान्त

(B) अधिमानी स्थिति के सिद्धान्त

**(C) संरक्षा विभेद का सिद्धान्त**

(D) सामंजस्यपूर्ण अर्थान्वयन का सिद्धान्त

**व्याख्या-**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की उन्नति के लिए संरक्षा विभेद का सिद्धान्त पर आधारित प्रावधान है।

99. **निम्न शक्तियों में से कौनसी एक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अधीन विनिर्दिष्ट विशेष न्यायालय को नहीं दी गयी हैं ?**

(A) किसी अपराध के दोषसिद्ध अभियुक्त की सम्पत्ति का समपहरण

**(B) पुलिस से भिन्न किसी व्यक्ति को अतिरिक्त अन्वेषण करने के लिए अधिकृत करना।**

(C) ऐसे व्यक्ति को किसी क्षेत्र से हटाना जिसके द्वारा अपराध किये जाने की संभावना है

(D) ऐसे व्यक्ति का माप और फोटोग्राफ लेना जिसके द्वारा अपराध किये जाने की संभावना है।

**व्याख्या-**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार-निवारण) अधिनियम 1989 के अध्याय 4 की धारा 14 में विशेष न्यायालय का प्रावधान है। पुलिस से भिन्न किसी व्यक्ति को अतिरिक्त अन्वेषण करने के लिए अधिकृत करने की शक्ति विशेष न्यायालय के पास नहीं है। आशय का कोई भी प्रावधान हम अपि। क्योंकि इस आशय का कोई भी प्रावधान इस अधिनियम में नही है।

**100. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अधीन अपराधों का विचारण करने के लिए सेशन न्यायालय को विशेष न्यायालय के रूप में विनिर्दिष्ट करने का प्रयोजन है :**

**(A) शीघ्र विचारण**

(B) समयबद्ध विचारण

(C) पीड़ितों के लिए विशेष सुरक्षा

(D) उपर्युक्त सभी

**व्याख्या-**इस अधिनियम के अधीन किसी शीघ्र विचारण मामले या मामलों के वर्ग या समूह के लिए अपराधों का विचारण करने के लिए सेशन न्यायालय को विशेष न्यायालय के रूप में विनिर्दिष्ट करने का प्रयोजन है।